## शिकायतों के बाद भी कार्रवाई ठप, नोटिस देकर मामला ठंडा करने का आरोप

# नगर निगम में "नोटिस खेल" का खुलासा: अवैध भवनों पर मेहरबानी, गरीबों पर सख्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा




शहर में नगर निगम की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। आरोप है कि भवन निर्माण में अनियमितता पाए जाने पर निगम अधिकारी केवल नोटिस जारी कर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान लेते हैं, लेकिन आगे की कार्रवाई नहीं करते। इससे अवैध निर्माण को अप्रत्यक्ष संरक्षण मिलने की स्थिति बन रही है।

सूत्रों और स्थानीय लोगों के अनुसार, पिछले लगभग 10 वर्षों में शहर में दर्जनों अवैध भवन खड़े हो चुके हैं, लेकिन उन पर कोई कठोर कार्रवाई नहीं हुई। निगम अधिकारियों द्वारा केवल नोटिस देकर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। इसके पीछे आर्थिक लेनदेन या राजनीतिक दबाव को कारण माना जा रहा है।

बताया जाता है कि शिकायत मिलने पर अधिकारी मौके पर जांच करने के बजाय एक तय फॉर्मेट में नोटिस जारी कर देते हैं। इसके बाद भवन मालिक को शिकायत की जानकारी देकर दबाव बनाने या समझौते की स्थिति तैयार की जाती है। कई मामलों में आर्थिक लेनदेन के बाद कार्रवाई आगे नहीं बढ़ती।वहीं दूसरी ओर, गरीब तबके के लोगों के खिलाफ निगम की कार्रवाई बेहद सख्त नजर आती है।

छोटे-मोटे निर्माण पर भी त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन दिनों के भीतर मकानों को तोड़ दिया जाता है। इससे निगम की कार्यप्रणाली पर दोहरे मापदंड अपनाने के आरोप लग रहे हैं।शहर के कई प्रमुख क्षेत्रों—जैसे गुलाबरा रोड और प्रियदर्शनी पार्क के सामने स्थित भवन—में भी इसी तरह की स्थिति सामने आई है, जहां शिकायतों के बावजूद केवल नोटिस जारी कर मामला लंबित रखा गया है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि निगम के कुछ अधिकारी लंबे समय से एक ही स्थान पर पदस्थ हैं, जिससे उनकी कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि नियमों को ताक पर रखकर न केवल अवैध निर्माण को बढ़ावा दिया जा रहा है, बल्कि निगम के राजस्व को भी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। सोशल मीडिया और समाचार पत्रों में लगातार मुद्दा उठने के बावजूद भी प्रशासनिक स्तर पर ठोस कार्रवाई नहीं होने से लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है। अब जनप्रतिनिधियों द्वारा इस पूरे मामले को न्यायालय तक ले जाने की तैयारी की जा रही है।

### क्या हैं मुख्य आरोप?

* अवैध भवनों पर सिर्फ नोटिस, आगे कार्रवाई नहीं
* आर्थिक लेनदेन और राजनीतिक दबाव के आरोप
* गरीबों के खिलाफ त्वरित और कठोर कार्रवाई
* शिकायतों पर मौके की जांच नहीं
* 10 सालों में अवैध निर्माण पर कोई बड़ी कार्रवाई नहीं
* कंपाउंडिंग के नाम पर मामलों को दबाने की कोशिश

### उठ रहे बड़े सवाल

* क्या नगर निगम में नोटिस देना ही अंतिम कार्रवाई है?
* अवैध भवनों पर बुलडोजर क्यों नहीं चलता?
* गरीब और प्रभावशाली में अलग-अलग मापदंड क्यों?
* क्या निगम अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी?

## अवैध खनिज परिवहन पर सख्त कार्रवाई, कई वाहन जप्त

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार खनिज एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अवैध खनिज परिवहन के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 15 से 16 मार्च 2026 की दरमियान तामिया क्षेत्र के अंतर्गत कुंआबादला एवं बांगई में कार्रवाई करते हुए एक टिप्पर एवं एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को रेत का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर जप्त किया गया। जप्त वाहनों को थाना तामिया की अभिरक्षा में खड़ा कराया गया है। इसके अतिरिक्त 17 मार्च 2026 को खनिज विभाग की टीम द्वारा अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए बाड़ीवाड़ा से अवैध रेत का परिवहन करते एक ट्रैक्टर को जप्त कर थाना चांद की अभिरक्षा में रखा गया। वहीं रेत का अवैध उत्खनन करते एक ट्रैक्टर को थाना उमरानाला तथा गिट्टी का अवैध परिवहन करते एक अन्य ट्रैक्टर को भी जब्त कर थाना चांद की अभिरक्षा में खड़ा कराया गया । सभी प्रकरणों में खनिज नियमों के तहत आगामी कार्रवाई के लिये जप्त वाहनों के प्रकरण कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किए जाएंगे।

## अवैध जल उत्खनन पर जिला प्रशासन एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की संयुक्त कार्यवाही

कलेक्टर हरेंद्र नारायन द्वारा मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 की धारा-3 के अंतर्गत जिले को ₹जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किए जाने के अनुपालन में आज ग्राम चरई इंटेक वेल के समीप बड़ी कार्यवाही की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इंटेक वेल के समीप नदी क्षेत्र में व्यक्तियों द्वारा विद्युत मोटर पंप लगाकर अवैध रूप से फसलों की सिंचाई की जा रही थी, जिससे सार्वजनिक पेयजल स्रोतों के जलस्तर में गिरावट और पेयजल संकट की स्थिति निर्मित हो रही थी। इस सूचना के आधार पर तहसील परासिया के राजस्व अमले एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) की संयुक्त टीम द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर श्याम पिता खुशीलाल एवं अन्य व्यक्तियों द्वारा नदी में ओपनवेल मोटर लगाकर सिंचाई कार्य करते पाया गया, जो कि कलेक्टर कार्यालय द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश का स्पष्ट उल्लंघन है।

## अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई, नगर निगम का सख्त रुख



**छिंदवाड़ा।** नगर निगम आयुक्त सी.पी. राय के आदेशानुसार शहर में अतिक्रमण हटाने की व्यापक कार्रवाई की गई। योजना कार्यालय के सामने गन्ने एवं फल-फ्रूट विक्रेताओं द्वारा लगाई गई कुर्सियां जप्त की गईं। इसी क्रम में फव्वारा चौक से गांधी जी की प्रतिमा के आसपास कपड़ा विक्रेताओं का अतिक्रमण हटाया गया। बड़ा तालाब क्षेत्र में बांस-बल्लियों का सामान हटवाकर स्थल को खाली कराया गया। वहीं नागपुर रोड स्थित चर्च के सामने से गुमठी एवं हाथ ठेला संचालकों को हटाते हुए मार्ग को व्यवस्थित किया गया।


## 500 वर्षों से अधिक प्राचीन है इतिहास, श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र श्री बड़ी माता मंदिर

# नवरात्र प्रारंभ: आज मातारानी के जयकारों से गूंजेगा शहर, उमड़ेगी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा







छिन्दवाड़ा शहर की हृदयस्थली छोटी बाज़ार स्थित श्री बड़ी माता मंदिर आस्था, परंपरा और संस्कृति का अद्भुत संगम है। सदियों से श्रद्धालुओं की अटूट श्रद्धा का केंद्र बना यह मंदिर नगर की धार्मिक पहचान के साथ-साथ उसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का भी प्रतीक है। नवरात्रि के पावन अवसर पर यहां का वातावरण विशेष रूप से भक्तिमय हो उठता है, जहां हर ओर माँ के जयकारों की गूंज सुनाई देती है। लगभग 500 वर्षों से भी अधिक प्राचीन इतिहास समेटे यह मंदिर अनेक मान्यताओं से जुड़ा हुआ है। कहा जाता है कि प्राचीन समय में यह क्षेत्र घने जंगलों से आच्छादित था, जहां माता की मूर्ति स्वयंभू शिला रूप में प्रकट हुई थी। समय के साथ यहां ग्राम देवी के रूप में पूजा-अर्चना प्रारंभ हुई और धीरे-धीरे मंदिर का भव्य स्वरूप विकसित हुआ। वर्तमान में मंदिर परिसर में माँ दुर्गा के साथ मां सिंहवाहिनी, अष्टभुजा माता और लक्ष्मी माता के स्वरूप स्थापित हैं, जिससे यह स्थल शक्ति उपासना का प्रमुख केंद्र बन गया है। नवरात्रि के दौरान इस मंदिर की महिमा और भी बढ़ जाती है। दूर-दूर से आने वाले श्रद्धालु ज्योति कलश स्थापना, अभिषेक, पूजन, अर्चन और पाठ जैसे धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेते हैं। प्रतिदिन होने वाली आरती और पूजा का दृश्य श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर देता है और मंदिर परिसर में उमड़ने वाली भीड़ भक्तों की गहरी आस्था को दर्शाती है।

### श्री बड़ी माता मंदिर नवनिर्माण कार्य अपने भव्य स्वरूप की ओर अग्रसर

मंदिर का भव्य नवनिर्माण कार्य भी निरंतर प्रगति पर है। लगभग 15 करोड़ रुपये की लागत से विगत दो वर्षों से चल रहे इस कार्य में आकर्षक पिंक स्टोन पत्थरों का उपयोग किया जा रहा है, जिससे मंदिर का स्वरूप और अधिक दिव्य एवं भव्य बन रहा है। इस निर्माण कार्य का मार्गदर्शन अयोध्या मंदिर के प्रसिद्ध आर्किटेक्ट चंद्रकांत बी. सोमपुरा द्वारा किया जा रहा है। उनके निर्देशन में कार्य तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है और वर्तमान में लगभग 60 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करने के प्रयास जारी हैं। आगामी चैत्र नवरात्र 2026 के अवसर पर मंदिर में माँ जगदंबा के विविध धार्मिक आयोजन विधि-विधानपूर्वक संपन्न किए जाएंगे। इनमें ज्योति कलश स्थापना, अभिषेक, पूजन, अर्चन एवं पाठ प्रमुख रूप से शामिल रहेंगे, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता अपेक्षित है। मंदिर निर्माण से जुड़े सभी लोग पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ इस कार्य को आगे बढ़ा रहे हैं। छिंदवाड़ा नगर का श्री बड़ी माता मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल ही नहीं, बल्कि श्रद्धा, आस्था और सामूहिक विश्वास का जीवंत प्रतीक है। यही कारण है कि श्रद्धालुओं का इस मंदिर से गहरा भावनात्मक जुड़ाव है और वे तन, मन एवं धन से इसके विकास में सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

## नपा अध्यक्ष से छीने गए वित्तीय अधिकार


**परासिया :-** नगर पालिका परासिया के अध्यक्ष विनोद मालवीय की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है । पहले भाजपा ने उन्हें पार्टी से निष्कासित किया , फिर एक महिला की शिकायत पर जेल जाना पड़ा , अब नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय ने उनसे वित्तीय अधिकार भी छीन लिया । हालांकि विनोद मालवीय अब भी निर्वाचित अध्यक्ष हैं ।नपा परासिया के अध्यक्ष विनोद मालवीय एक ओर जहां कांग्रेस के निशाने पर रहे वहीं कमीशन को लेकर कथित ऑडियो वायरल होने के बाद से वे भाजपा पार्षदों , पार्टी पदाधिकारियों के निशाने पर भी आ गए थे , जिसके बाद पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के द्वारा उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया गया । बात यहां नहीं रुकी , अध्यक्ष के खिलाफ परासिया और चांदामेटा थाने में दो अलग - अलग महिलाओं ने शिकायत भी दर्ज कराई । परिणाम स्वरुप अध्यक्ष को जेल जाना पड़ा , लगभग 23 दिनों तक जेल में रहने के बाद जबलपुर उच्च न्यायालय से जमानत मिली । जेल से आने के बाद अध्यक्ष ने नपा कार्यालय जाना शुरू ही किया था , कि राज्य सरकार के नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय ने बुधवार 18 मार्च को अध्यक्ष से वित्तीय अधिकार छीने जाने सम्बंधित आदेश जारी कर दिया गया । इस आदेश में थानों में दर्ज उक्त दोनों मामलों का उल्लेख होने के साथ - साथ लोकायुक्त कार्यालय में लंबित गंभीर वित्तीय अनियमितता के मामले का उल्लेख भी किया गया है । इसी आदेश के अनुसार परासिया एस डी एम को नपा परासिया के वित्तीय अधिकार दिए गए हैं ।

## ग्राम विकास प्रस्फूटन समितियों का एक दिवसीय क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**जुन्नारदेव।** म प्र जन अभियान परिषद जिला छिंदवाड़ा के तत्वावधान में जिला समन्वयक अखिलेश जैन के मार्गदर्शन में विकास खंड जुन्नारदेव में प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियान अंतर्गत पालाचौरई सेक्टर क्र तीन की गठित ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के लिए एक दिवसीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन ग्राम पंचायत जमकुंडा के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षण का शुभारंभ विकासखंड समन्वयक संजय बामने, सरपंच ममता कुमरे, सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्राम पंचायत जमकुंडा उपसरपंच राकेश खरे, पंख सामाजिक विकास संस्थान जुन्नारदेव अध्यक्ष निमांशी रामपुरे, मेंटर सरजू विश्वकर्मा, गोविंद नंदवंशी, योगिता मर्सकोले की उपस्थिति में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। प्रशिक्षण में विकास खण्ड समन्वयक संजय बामने ने प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को संगठनात्मक कार्यप्रणाली, ग्राम विकास तथा स्वावलंबन के विषय में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस प्रकार कई अभियान अंतर्गत परिषद द्वारा समय समय पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम को विस्तृत रूप से बताए गए।प्रशिक्षण सत्रों में विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों ने मार्गदर्शन दिया। मेंटर श्री सरजू विश्वकर्मा ने परिषद की परिकल्पना,स्वैच्छिकता तथा सामूहिक स्वावलंबन के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं प्रशिक्षक कु.योगिता मर्सकोले ने समग्र ग्राम विकास की अवधारणा और समाज की सहभागिता से होने वाले परिवर्तन पर विस्तार से जानकारी दी। इसके अलावा दीपा मेश्राम ने स्वयंसेवी संस्थाओं के गठन एवं उनके प्रभावी संचालन की प्रक्रिया समझाई गई।जिसके अंतर्गत समिति संस्था, समिति, ट्रस्ट,फाउंडेशन बनाने की प्रक्रिया बताई गई। जबकि मेंटर गोविंद नंदवंशी ने प्रस्फुटन समितियों के सुव्यवस्थित दस्तावेजीकरण एवं अभिलेख संधारण की जानकारी पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से स्लाइड पर बताया गया। आशा फाउंडेशन ब्लॉक समन्वयक राकेश यादव ने वित्तीय साक्षरता, वित्तीय प्रबंधन वित्तीय कार्य प्रणाली प्रदान संस्था ब्लॉक समन्वयक नविता आमरे ने वीबीजीरामजी के बारे मे चित्रमय प्रस्तुत के साथ प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन सरजू विश्वकर्मा द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के अंत में सभी सहभागी प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। अंत में राकेश खरे ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक समिति से अध्यक्ष, सचिव, नवांकुर सखी, छात्र छात्राएं जनप्रतिनिधि सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने किया काव्य-संग्रह 'द पोएटिक म्यूज़' का विमोचन

**जुन्नारदेव।** मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार द्वारा बहुप्रतीक्षित काव्य-संग्रह द पोएटिक म्यूज़ का विमोचन संपन्न हुआ। शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव की अंग्रेजी विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉ रश्मि नागवंशी द्वारा लिखित पुस्तक की उन्होंने सरहाना की। भोपाल में आयोजित गरिमामयी कार्यक्रम में साहित्य, शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र की प्रमुख हस्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। विमोचन के अवसर पर मंत्री श्री परमार ने इस पुस्तक को केवल कविताओं का संग्रह नहीं, बल्कि आंतरिक जागरण और सामाजिक उत्तरदायित्व का एक सशक्त घोषणापत्र बताया। यह कृति महिला सशक्तिकरण, मानवीय मूल्यों और युवा चेतना जैसे गंभीर विषयों पर केंद्रित है।



**पुस्तक की मुख्य विशेषताएं:** नारी शक्ति का उद्घोष, पुस्तक में नारी को एक स्वप्नद्रष्टा और नेतृत्वकारी शक्ति के रूप में चित्रित किया गया है। दार्शनिक एवं प्रेरणादायक स्वर, लाइफ इज अ बुक और विक्ट्री ओवर वनसेल्फ जैसी कविताएं जीवन के गहन सत्यों को सरल शैली में प्रस्तुत करती हैं। सामाजिक सरोकार, यूनाइट अगेंस्ट चाइल्ड मैरिज और यूथ रेडियंस के माध्यम से लेखिका ने सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार और सकारात्मक परिवर्तन का संदेश दिया है। आत्मीय संबंध, डेड और यू आर द मोस्ट स्पेशल जैसी कविताएं पारिवारिक संवेदनशीलता को सजीव करती हैं। आध्यात्मिक समन्वय, भारतीय दार्शनिक परंपरा से प्रेरित यह पुस्तक आत्मबोध और आंतरिक शांति का मार्ग प्रशस्त करती है। द पोएटिक म्यूज़ एक ऐसी कृति है जो पाठकों को केवल पढ़ने के लिए नहीं, बल्कि चिंतन और आत्ममंथन के लिए प्रेरित करती है। विमोचन उपरांत डॉक्टर रश्मि नागवंशी की इस उपलब्धि पर अतिरिक्त संचालक डॉ. पी. आर. चंदेलकर, प्राचार्य डॉ. ए. के. टांडेकर, नगरपालिका अध्यक्ष रमेश सलोड़े, अपील समिति सदस्य सभापति संजय जैन पूर्व उपाध्यक्ष शरद कुरोलिया, शासकीय महाविद्यालय दमुआ प्राचार्य डॉ. रश्मि दास सहित शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव के समस्त स्टाफ ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई प्रेषित की है।

## सांदीपनी शाला से नवोदय हेतु 1 छात्रा का चयन



**पांढुर्णा।** शासकीय सांदीपनी विद्यालय पांढुर्णा की प्राथमिक शाला की छात्रा कु. हिरल पिता वासुदेव रेवतकर का जवाहर नवोदय विद्यालय में 6 वीं कक्षा में प्रवेश हेतु की चयन हुआ है। उल्लेखनीय है कि, सांदीपनी शाला में कक्षा 5 की यह पहली बैच है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र से प्रवेश का कोटा 80 प्रतिशत जबकि शहरी क्षेत्र से केवल 20 प्रतिशत होता है। ऐसी प्रतिकूल स्थिति में विद्यालय से छात्रा का नवोदय विद्यालय में चयन होना शाला की उत्कृष्ट उपलब्धि है। चयनित छात्रा की सफलता में शिक्षका प्रियंका काले, शिवानी खंडागले, अंकिता घटकरे, प्रफुल्ल देशमुख एवं प्रधानाध्यापक प्रदीप डोबले इनका मार्गदर्शन रहा। समस्त शाला स्टाफ ने छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## अवैध रेत से भरा ट्रैक्टर जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया विधानसभा क्षेत्र में शासकीय भूमि पर अवैध उत्खनन , रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन करने वालों पर नायब तहसीलदार की पैनी नजर जमी हुई है । आए दिन इस तरह के कार्य करने वालों के खिलाफ कार्रवाई हो रही है । बुधवार को भी एक ट्रैक्टर को अवैध रेत का परिवहन करते हुए नायब तहसीलदार राम सूर्यवंशी ने ट्रैक्टर को पकड़ा और थाने में खड़ा करवाया ।शिवपुरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत लोहांगी स्तिथ नदी से लगातार रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन जारी है । हफ्ते - दस दिन के अंतराल में इस क्षेत्र से अवैध रेत से भरे ट्रैक्टर पकड़े जा रहे हैं । बुधवार 18 मार्च को भी नायब तहसीलदार राम सूर्यवंशी ने एक ट्रैक्टर पकड़ा , जो अवैध रूप से रेत भरकर ले जा रहा था । ट्रैक्टर बिजौरी खुर्द निवासी विजय सूर्यवंशी का बताया जा रहा है । जिसे शिवपुरी थाने में पुलिस अभिरक्षा में खड़ा करा दिया गया है । इस से एक दिन पहले नायब तहसीलदार ने चांदामेटा - गाजनडोह मार्ग पर शासकीय भूमि पर बगैर अनुमति उत्खनन करते पाए जाने पर तीन ट्रैक्टर और एक जे सी बी मशीन जब्त कर चांदामेटा थाने में खड़ा कराया गया है ।

## चौरई में अवैध प्लाटिंग का काला खेल चरम पर, प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल

# प्लाटिंग माफिया बेलगाम: कार्रवाई बाद में, पहले नोटिस का दिखावा क्यों?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई



चौरई शहर इन दिनों अवैध प्लाटिंग के काले कारोबार का गढ़ बनता जा रहा है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि प्रशासन समय रहते कार्रवाई करने के बजाय केवल बाद में नोटिस जारी कर औपचारिकता निभाता नजर आ रहा है। सवाल यह है कि जब अवैध प्लाटिंग खुलेआम हो रही है, तब कार्रवाई से परहेज क्यों किया जा रहा है?

शहर के अलग-अलग हिस्सों में बिना किसी वैधानिक अनुमति के धड़ल्ले से प्लॉट काटे जा रहे हैं। आरोप है कि एक बाहरी ठेकेदार, जो पहले नगर पालिका में ठेकेदारी करता था, अब अवैध प्लाटिंग के कारोबार में सक्रिय हो गया है। वहीं, एक शासकीय छात्रावास में पदस्थ अधीक्षक भी नियमों को ताक पर रखकर इस काले धंधे में हाथ आजमाता दिखाई दे रहा है।

यही नहीं, हथौड़ा रोड स्थित वार्ड क्रमांक 6 में अस्पताल के पास भी अवैध प्लाटिंग का खेल जारी है, जहां स्थानीय स्तर पर लोग खुलेआम जमीन के टुकड़े बेचते नजर आ रहे हैं। इन सभी गतिविधियों पर अब तक प्रशासन की कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है, जिससे यह संदेह गहराता जा रहा है कि कहीं न कहीं मिलीभगत या जानबूझकर अनदेखी की जा रही है।

सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि चौरई एक कृषि प्रधान क्षेत्र है, जहां के भोले-भाले किसान अपनी जीवन भर की जमा पूंजी इन अवैध प्लॉटों में निवेश कर देते हैं। बाद में जब प्रशासन जागता है, तो इन्हीं खरीदारों को नोटिस थमाकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया जाता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि कार्रवाई करनी ही है, तो प्लाटिंग के समय और पंजीयन के दौरान क्यों नहीं की जाती? आखिर क्यों इन अवैध कॉलोनियों को विकसित होने दिया जाता है और फिर निर्दोष खरीदारों को ही निशाना बनाया जाता है?शहर में इन दिनों नोटिसों का यह खेल चर्चा का विषय बना हुआ है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि क्या प्रशासन केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित रह गया है? यदि समय रहते इन अवैध प्लाटिंग पर रोक नहीं लगाई गई, तो आने वाले दिनों में यह समस्या और विकराल रूप ले सकती है।

अब जरूरत इस बात की है कि प्रशासन तुरंत सख्त रुख अपनाए, अवैध प्लाटिंग पर पूरी तरह रोक लगाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करे, ताकि आम नागरिकों को इस ठगी के जाल से बचाया जा सके।

## डॉ. बी. एम. प्रसन्ना के मार्गदर्शन में आयोजन, कंपनियों से सीधा जुड़कर किसानों को बेहतर दाम की उम्मीद

# किसानों को मिला बड़ा मंच, क्रेता विक्रेता बैठक से खुले सीधे बाजार के रास्ते





हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

बोरलॉग इंस्टीट्यूट फॉर साउथ एशिया (BISA) और मध्य प्रदेश कृषि विभाग के संयुक्त प्रयासों से छिंदवाड़ा में आज 'क्रेता-विक्रेता बैठक' का सफल आयोजन हुआ। 'जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम' के तहत आयोजित इस महत्वपूर्ण पहल ने किसानों को सीधे बाजार से जोड़ने की दिशा में एक मजबूत कदम साबित किया।यह पूरा कार्यक्रम BISA के प्रबंध निदेशक डॉ. बी. एम. प्रसन्ना के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जहां किसानों, किसान उत्पादक संगठनों (FPOs), निजी कंपनियों और मंडी व्यापारियों को एक साझा मंच पर लाया गया।बैठक में बाजार की वास्तविक जरूरतों पर खुलकर चर्चा हुई।

व्यापारियों और एग्रो कंपनियों ने किसानों को बताया कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में फसल की गुणवत्ता, सही ग्रेडिंग और आकर्षक पैकेजिंग कितनी अहम भूमिका निभाती है। वहीं किसानों ने भी अपनी जमीनी समस्याएं सामने रखीं, जिस पर कंपनियों ने सीधे खेतों और संग्रहण केंद्रों से खरीदी की संभावनाओं पर सकारात्मक संकेत दिए।

कार्यक्रम में डॉ. पंकज कुमार, तकनीकी सहयोगी दीपेंद्र सिंह और मनीष भारद्वाज के साथ-साथ कई प्रमुख अधिकारी मौजूद रहे। जितेंद्र कुमार सिंह (उपसंचालक कृषि), डॉ. आर एल राउत और भारतीय किसान संघ के प्रांतीय मंत्री मेहर सिंह चौधरी की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और मजबूती दी।बैठक में 'किसान कल्याण वर्ष 2026' के तहत जलवायु अनुकूल खेती पर विशेष जोर दिया गया।

विशेषज्ञों ने जीरो टिलेज, उन्नत बीज प्रबंधन और आधुनिक तकनीकों को अपनाने की सलाह देते हुए कहा कि इससे लागत घटेगी और उत्पादन की गुणवत्ता बढ़ेगी जिससे किसानों को बेहतर बाजार मूल्य मिल सकेगा।कार्यक्रम में शामिल किसानों ने इस पहल को बेहद उपयोगी बताया।

उनका कहना था कि ऐसे आयोजनों से बिचौलियों की भूमिका कम होगी और वे सीधे खरीदारों से जुड़कर अपनी उपज का उचित मूल्य प्राप्त कर सकेंगे।

कुल मिलाकर, यह बैठक न सिर्फ किसानों के लिए नए अवसरों के द्वार खोलने वाली साबित हुई, बल्कि छिंदवाड़ा को आधुनिक और बाजार-उन्मुख कृषि की दिशा में आगे बढ़ाने का संकेत भी दे गई।

## मोमेंटम सौंसर के छात्र मीत दुफारे ने मारी बाजी, एनएमएमएस स्कॉलरशिप परीक्षा में पाई सफलता

**सौंसर।** शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बना रहे 'मोमेंटम सौसर' के नाम एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। संस्थान के होनहार छात्र मीत दुफारे का चयन राष्ट्रीय मींस कम मेरिट स्कॉलरशिप एनएमएमएस परीक्षा में हुआ है।इस गौरवपूर्ण सफलता के साथ छात्र मीत को केंद्र सरकार की ओर से कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रति वर्ष 12 हजार रुपए की छात्रवृत्ति प्राप्त होगी। मोमेंटम कोचिंग सौसर द्वारा एनएमएमएस जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विशेष मार्गदर्शन सत्र आयोजित किए जाते हैं। छात्र मीत की इस सफलता पर मोमेंटम सौसर के डायरेक्टर विक्रम घाटोड़, ओर स्टाफ ने अत्यधिक हर्ष व्यक्त करते हुए छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। संस्था के डायरेक्टर श्री घाटोंड़ ने बताया कि हर छात्र पर विशेष ध्यान, मोमेंटम का संकल्प के मूल मंत्र के साथ कार्य कर रहे है। इस संस्थान ने कम समय में अभिभावकों का गहरा विश्वास जीता है। मोमेंटम सौसर का मुख्य उद्देश्य कम फीस में उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान कर बच्चों के भविष्य की मजबूत नींव रखना है। संस्थान वर्तमान में छात्रों को उनके सपनों की उड़ान भरने के लिए पूर्णतः संकल्पित है। यहाँ मेडिकल एवं इंजीनियरिंग आईआईटी जीईई, नीट, एमबीबीएस आदि की प्रवेश परीक्षाओ के साथ सीएस, फाउंडेशन, सीएमए, एसीसीए,ओरकक्षा 6वीं से 10वीं तक (फाउंडेशन) एवं 11वीं-12वीं (बोर्ड परीक्षा) की तैयारी भी कराई जाती है।

## ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**चौरई।** मध्य प्रदेश जन अभियान द्वारा चयनित चौरई विकासखण्ड कि ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण जिला समन्वयक मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद अखिलेश जैन कि उपस्थित एवं विकासखंड समन्वय अफशा खान के मार्गदर्शन मे नवांकुर संस्था केशवानंद लोक कल्याण द्वारा ग्राम पंचायत भवन नवेगॉव मकारिया मे कराया गया जिसमे महेन्द्र सिंह चौहान व संदीप शर्मा द्वारा उपस्थित जनो को समग्र ग्राम विकास के नौ बिन्दुओ से अवगत कराया गया साथ ही एन जी ओ के निर्माण एवं उसकी कार्य पद्धति को समझाया गया व शासन कि योजना कि जानकारी दी गई।

पूर्व राज्य मंत्री नाना मोहोड़ ने केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान से की भेंट

## पांढुरना जिले के विकास और किसानों के व्यापक हित को लेकर पूर्व



**सौंसर।** राज्यमंत्री नाना मोहोड़ ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान से शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने क्षेत्र की कृषि समस्याओं और लंबे समय से लंबित मांगों पर विस्तार से चर्चा की। भेंट के दौरान नाना मोहोड़ ने केंद्रीय मंत्री का ध्यान मोहगांव (जिला पांढुरना) की ओर आकर्षित करते हुए वहां कृषि अनुसंधान केंद्र की स्थापना के क्रियान्वयन में तेजी लाने का आग्रह किया। उन्होंने जोर देकर कहा किःइस केंद्र के शुरू होने से क्षेत्र के किसानों को आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक पद्धति और उन्नत बीजों का सीधा लाभ मिल सकेगा, जिससे न केवल कृषि उत्पादन बढ़ेगा बल्कि किसानों की आय में भी वृद्धि होगी,कृषि अनुसंधान केंद्र के साथ-साथ श्री मोहोड़ ने फसल बीमा की वर्तमान स्थिति पर भी महत्वपूर्ण चर्चा की। उन्होंने मांग की कि बीमा प्रक्रियाओं को और अधिक सरल और पारदर्शी बनाया जाए ताकि प्राकृतिक आपदा या बेमौसम बारिश की स्थिति में पीड़ित किसानों को समय पर और उचित मुआवजा मिल सके। इस महत्वपूर्ण भेंट के दौरान तहसील प्रेस क्लब सौसर अध्यक्ष पुरुषोत्तम पोतरे भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मांगों को गंभीरता से सुना और सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## इफ्तार पार्टी में सम्मिलित हुए जनपद प्रतिनिधि एवं सरपंच



**सिंगोड़ीः-** माहे रमज़ान के 28 वा रोजे के दिन जामा मस्जिद सिंगोड़ी कैंपस में एक रमजान से प्रतिदिन जमानत की ओर से रोजा इफ्तार का प्रोग्राम किया जाता है। जिसमें सैकड़ो की संख्या में रोजेदार रोजा इफ्तार के लिए पहुंचते हैं। इसी कड़ी में आज जनपद प्रतिनिधि एवं पूर्व सरपंच योगेश यादव, सरपंच कपिल ठाकुर, पूर्व सरपंच कैलाश साहू, मोहित साहू, सहित अन्य हिंदू भाई रोजा इफ्तार में सम्मिलित हुए और कौमी एकता भाईचारे का संदेश दिया । इस अवसर पर सदर अंजुमन कमेटी साहिद, पूर्व सदर एवं उपसरपंच ईलमन मिस्किनी, पूर्व नायक सदर रमजान मंसूरी,साकीर मिस्किनी,हेदर अली कुद्दुस बाबा,गुड्डू भाई,गयुर भाई,समद मिस्किनी, जिराक भाई, शाहिद सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## बारिश के पहले जर्जर शालाओं की हो मरम्मतः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



आज 18 मार्च को जिले में जर्जर शाला भवनों की मरम्मत एवं जरुरी सुधार कार्यों के संबंध में कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा विद्यालयों की वर्तमान स्थिति एवं प्रस्तावित मरम्मत कार्यों की जानकारी दी गई। इस दौरान विद्यालय भवनों के निर्माण एवं मरम्मत कार्यों पर चर्चा की गई।

### सुरक्षा और संसाधनों पर विशेष जोर

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने विभिन्न विद्यालयों में प्रस्तावित मरम्मत कार्यों की अनुमानित लागत, तकनीकी समस्याओं एवं आवश्यक संसाधनों की जानकारी ली। उन्होंने विद्यालयों की दीवारों एवं छत की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए उनकी मजबूती और सुरक्षा सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। साथ ही अधिकारियों से प्रत्येक विद्यालय में किन-किन कार्यों की आवश्यकता है तथा उन पर आने वाली लागत कितनी होगी, इस बाबत जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि मरम्मत कार्यों में प्राथमिकता के आधार पर किचन शेड, शौचालय एवं विद्यालय की छत के सुधार कार्य शामिल किए जाएं। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी मरम्मत कार्य 15 अप्रैल से प्रारंभ किए जाएंगे तथा वर्षा ऋतु शुरू के आगमन पूर्व पूर्ण कर लिए जाएंगे, ताकि विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध हो सके। कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री, संयुक्त कलेक्टर मेघा शर्मा एवं नेहा सोनी, एसडीएम अलका एक्का, डिप्टी कलेक्टर प्रियंका मिश्रा एवं प्रेक्षा पाठक, जनपद पंचायत सीईओ बंदू सूर्यवंशी सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 10 दिनों में स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं करने पर कालोनी का प्रबंधन शासन के हाथों में लेने की दी चेतावनी

# 18 कालोनाईजर पर 14 लाख रुपये का जुर्माना

### एसडीएम ने 18 कालोनाईजर को कारण बताओ नोटिस जारी किया

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** एसडीएम श्री कार्तिकेय जायसवाल ने नियम विरूद्ध अवैध प्लाटिंग कर भूखंड विक्रय किये जाने के मामले में 18 कालोनाईजर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है कि क्यों न उनके द्वारा तैयार की जा रही कालोनी का प्रबंधन मध्यप्रदेश पंचायत राज्य एवं ग्राम स्वराज अधिनियम की धारा 61 एवं मध्यप्रदेश ग्राम पंचायत नियम 2014 के अंतर्गत सक्षम प्राधिकारी द्वारा ले लिया जाए। इन कालोनाईजर्स को 10 दिनों के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने कहा गया है। उल्लेखनीय है कि कुछ दिनों पहले एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल द्वारा अवैध प्लाटिंग करने वाले 17 कालोनाईजरों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे।

**भूखंड विक्रय पर लगाई है रोकः** एसडीएम श्री जायसवाल ने 08 कालोनाईजर पर 50-50 हजार रुपए एवं 10 कालोनाईजर पर एक-एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है और 10 दिनों के भीतर यह राशि चालान के माध्यम से जमा कर एसडीएम कोर्ट में चालान की प्रति जमा करने कहा गया है। इन कालोनाईजर द्वारा छोटे-छोटे भूखंड विक्रय किये जाने पर तत्काल रोक लगायी गई है। तहसीलदार वारासिवनी को निर्देशित किया गया है कि इन कालोनाईजर्स द्वारा ग्राम वारा, रामपायली, सिकंद्रा एवं डोंगरमाली में भूखंड विक्रय की जानकारी प्राप्त होने पर तत्काल एसडीएम कोर्ट को सूचित करें।

**इन कालोनाईजरों पर लगाया है 50-50 हजार रुपये का जुर्मानाः** अवैध रूप से प्लाटिंग कर भूखंड विक्रय करने के मामले में कालोनाईजर वारासिवनी निवासी आशीष और मंगलम डेवलपर्स बालाघाट



निवासी ऋषभ जैन व शीतला चंद जैन, सिकंद्रा निवासी हीरालाल व देवाजी नंदनवार, रामपायली निवासी परमेश्वरदास बैरागी व श्रीराम कमर्शियल काम्प्लेक्स, डोंगरमाली निवासी जसवंत पिता लेखीराम पटले और मनीष वल्द रमेश, वारासिवनी निवासी कन्हैयालाल पात्रे पर 50-50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इन कालोनाईजर द्वारा वारासिवनी तहसील के अंतर्गत ग्राम रामपायली, वारासिवनी, डोंगरमाली, वारा में अवैध रूप से प्लाटिंग कर भूखंड विक्रय किये जा रहे थे।

**इन कालोनाईजरों पर लगाया है एक-एक लाख रुपये का जुर्मानाः** इसी प्रकार कालोनाईजर सिकंद्रा निवासी सुभाष पारधी पिता तेनसिंह पारधी, वारासिवनी निवासी पुरुषोत्तम पिता रामचंद्र डेकाटे, लालपुर निवासी जसवंत पिता लेखीराम पटले, वारासिवनी निवासी श्रीमती कल्पना सुराना पति तरुण सुराना, रामपायली निवासी गोपाल, प्रकाश व शैलेष पिता ब्रजमोहन, रामपायली निवासी दुनेश पिता जेठानंद सिंधी, मेसर्स श्रीनाथ डेवलपर्स एवं मेसर्स वासुदेव डेवलपर्स, चंद्रकिरण सिंह पिता उत्तम सिंह, डोंगरमाली निवासी श्रीमती शांता पति संपत, हीरालाल पिता मोडक्या, संतोष पिता ताराचंद द्वारा ग्राम डोंगरमाली, सिकंद्रा, रामपायली में अवैध रूप से प्लाटिंग कर भूखंड विक्रय करने के कारण उन पर एक-एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

इन सभी कालोनाईजर्स के भूखंड विक्रय पर एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल द्वारा रोक लगा दी गई है। इसके साथ ही इन कालोनाईजर्स को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है कि क्यों न उनके द्वारा तैयार की जा रही कालोनी का प्रबंधन सक्षम प्राधिकारी द्वारा ले लिया जाए। इन कालोनाईजर्स को 10 दिनों के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने कहा गया है।

## क्रिएटिव इंटरनेशनल एकेडमी किन्ही में अध्ययनरत छात्रों ने नवोदय और सैनिक स्कूल परीक्षा में सफलता की अर्जित



हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

क्षेत्र के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान क्रिएटिव इंटरनेशनल एकेडमी किन्ही( भौरगढ )के विद्यार्थियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय देते हुए जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2026 में शानदार सफलता हासिल की है। बताया गया कीविद्यालय के तीन होनहार छात्रो सार्थक वासनिक, श्रेयांश लिल्हारे और अनघ रहांगडाले ने नवोदय विद्यालय समिति ( एनपीएस) की चयन परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विद्यालय और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। इसके साथ ही, विद्यालय के छात्र सार्थक वासनिक ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए सैनिक स्कूल चयन परीक्षा में भी अपना स्थान सुरक्षित किया है।इस दोहरी सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यालय के प्राचार्य तुलमोहन भोयर ने कहा, ₹यह हमारे छात्रों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के सही मार्गदर्शन का परिणाम है। सैनिक स्कूल एंव नवोदय विद्यालय में सफलता हमारे लिए गर्व का विषय है।₹ खुशी जाहिर करते हुए स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों ने सभी चयनित विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र और पालकों में खुशी का माहौल है।

## उकवा साप्ताहिक बैठकी बाजार का 10 लाख 03 हजार 01 सौ रू मे हुआ ठेका



**हरिभूमि न्यूज उकवा।** जनपद पंचायत परसवाड़ा क्षेत्र का सबसे बड़ा साप्ताहिक बैठकी बाजार जिसका 2026-27 एक साल का ठेका 18 मार्च 2026 को ग्राम पंचायत उकवा भवन में बाजार नीलामी बोली कराई गई जिसमें चार ठेकेदारों ने हिस्सा लिया बाजार नीलामी की बोली बोलने वाले इच्छुक ठेकेदारों से अग्रिम अमानत राशि एक एक एक लाख रू जमा कराई गई । समन्यवय अधिकारी परसवाड़ा सालिकराम मडावी की उपस्थिति में बाजार नीलामी की सरकारी बोली 9 लाख 98 हजार रखी गई थी राजेंद्र ठाकरे ठेकेदार के द्वारा अंतिम बोली 10 लाख 03 हजार 01 सौ रुपए की सफल बोली बोलकर बैठकी बाजार का ठेका अपने नाम कर लिया बाजार नीलामी बोली में उपस्थित उकवा ग्राम पंचायत की नवनिर्वाचित सरपंच श्रीमती रामबती उईके उप सरपंच श्री शिव शंकर तिवारी सचिव श्री भजन वल्के सहायक सचिव सुश्री प्रीति सहारे पंच श्रीमती ललिता रौतीया सविता चौकसे प्रमिला मेश्राम तेजस्विनी नाग आरती भारद्वाज सृष्टि सिक्का सुमित बांगरे जैक्सन सरभांग संजय अग्रवाल एवं उत्कल नंदा उपस्थित रहे । पत्रकार श्री अशोक राउत ज्ञान गिरी गोस्वामी एवं आनंद गोदरे को सचिव श्री भजन वल्के के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि सफल बोली बोलने वाले ठेकेदार से ठेके की राशि का, 25% प्रतिशत पैसा जमा करवा कर कार्यवाही पुरी की गई एवं बाजार ठेके की नियम व शर्तें बताई गई एवं शुक्रवार को भरने वाले बैठकी बाजार कि शनिवार को साफ सफाई कराने की जिम्मेदारी ठेकेदार को सौपी गई ।

## 15 छात्रों का चयन, 8 वर्षों में 59 बच्चों का चयन

# एडवेंचर इंग्लिश पब्लिक स्कूल भानेगॉव का नवोदय विद्यालय में दबदबा



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** बालाघाट जिले के लॉजी विकासखण्ड में स्व. श्री महेश कुशले शिक्षा एवं जनकल्याण समिति द्वारा संचालित अशासकीय विद्यालय एडवेंचर इंग्लिश पब्लिक स्कूल भानेगाँव से जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2026 में 15 बच्चों का चयन कक्षा 6वी के लिए हुआ है। जिसमें निहालसिंह पिता विद्यानन्द भटरे बोलेगांव ने जिला म प्रथम स्थान पारस पिता प्रकाश रंगारी कान्द्रीकला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है साथ ही अतुल पिता सरोज कालबेले सिरेगांव, दक्ष पिता चेतन मेश्राम, दिव्यांश पिता मेघलाल बोपचे गन्नाटोला, डिंजल पिता सुरेश बेदरे भानेगांव, कु. हिमानी पिता कपुरचन्द गौतम सावरीकला, लक्ष्य पिता महेश नखाते पारडी, लोकांश पिता विनोद बेदरे भानेगांव, मंयक पिता प्रभु पांचे सेवती, मोर्य पिता चिन्तामन मिसारे सेवती, कु. रिश्रा पिता प्रहलाद बेदरे टेडवा, शिवम पिता डॉ. प्रकाश बेदरे टेडवा, कु. दिव्या पिता जयगणेश मंसुरे गोर्रे, कु. सानवी पिता अमित कुमार बिल्लारे कुम्हारीकला का चयन हुआ है। इन बच्चों ने अपने अथक परिश्रम एवं शिक्षको की मेहनत से अपन स्कूल व अपने माता-पिता का नाम गौरवांवित किए है। इनकी सफलता पर स्कूल संचालन समिति के अध्यक्ष श्री बलराम बड़घैया, श्री उपाध्यक्ष सुभाष कुशले, सचिव श्री राजाराम कुशले स्कूल संचालक ए. आर. कुशले सर प्रधानपाठिका श्रीमतो ममता कुशले मार्गदर्शक शिक्षक रोहित चंदेल, सुभम मेश्राम, नरेन्द्र कटरे, सुरेन्द्र देवाहे सहित पालक शिक्षक संघ क अध्यक्ष डॉ. प्रकाश बेदरे, विजय पटले, उपाध्यक्ष प्रकाश पटले, रोहितलाल बिलधैया सचिव भुमेश्वर तुरकर, गणेश बाहे सहसचिव दुलीचन्द कावडे, खुशराज राहंगडाले महिला संघ समिति में अध्यक्ष श्रीमती सविता मिसारे, योगिता राहंगडाले उपाध्यक्ष श्रीमती अल्का भर्रे, सुजाता रामटेके सचिव श्रीमती वर्षा पटले, सीमा इनवाती सहसचिव श्रीमती कविता कुशले, पदमा बिहोने एवं कार्यालय स्टाफ कमलेश ठाकरे, कु. सुनिता नखाते, सीमा येरपुड़े व समस्त शिक्षक / शिक्षिकाओं ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुये बधाई दी है।

## श्री झूलेलाल जयंती पर आज विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन




**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** चेटीचंड और भगवान श्री झूलेलाल जी की जयंती के पावन उपलक्ष्य में इस वर्ष नगर में सेवा और समर्पण का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। श्री पूज्य सिंधी पंचायत वारासिवनी द्वारा सेवा भाव को सर्वोपरि रखते हुए 19 मार्च 2026 गुरुवार को एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन स्थानीय श्री गुरुनानक धर्मशाला में सुबह साढ़े 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा। पूज्य सिंधी पंचायत ने इस पुनीत कार्य के माध्यम से समाज के हर वर्ग को मानव सेवा से जोडने का संकल्प लिया है।

रक्तदान केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि किसी को नया जीवन देने का माध्यम है। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार एक यूनिट रक्त से तीन से चार लोगों की जान बचाई जा सकती है। वर्तमान में थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चोंए गंभीर सर्जरी और दुर्घटना के शिकार मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता एक बड़ी चुनौती होती है। ऐसे में युवाओं और स्वस्थ नागरिकों द्वारा किया गया रक्तदान समाज के लिए संजीवनी का कार्य करता है।

श्री पूज्य सिंधी पंचायत ने नगरवासियों और युवाओं से अपील करते हुए कहा है कि एक यूनिट रक्त कई जिंदगियों को रोशन कर सकता है। आयोजकों का मानना है कि रक्तदान करने से न केवल दूसरों की मदद होती है, बल्कि रक्तदाता को भी एक आत्मिक संतोष और स्वास्थ्य लाभ मिलता है। पंचायत के पदाधिकारियों ने सभी धर्मप्रेमी जनता और स्वयंसेवकों से आग्रह किया है कि वे इस पावन अवसर पर धर्मशाला पहुंचकर अपना रक्तदान करें और मानव सेवा के इस महायज्ञ में अपनी आहुति दें।

## मृत्युंजय घाट पर जल संरक्षण एवं जीर्णोद्धार कार्यक्रम का आयोजन

**बालाघाट।** नगर पालिका परिषद बालाघाट द्वारा जल गंगा संरक्षण अभियान के शुभारंभ अवसर पर 19 मार्च को मृत्युंजय घाट बालाघाट में प्रातः 07 बजे से जल संरक्षण एवं जीर्णोद्धार का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसमें जल संरक्षण के लिए नगरीय निकाय के अमले के साथ ही आमजन द्वारा भी श्रमदान किया जाएगा। नगर पालिका बालाघाट द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के लिए विविध गतिविधियों का कैलेण्डर तैयार किया गया है। जिसके अनुसार 23 मार्च को मोती तालाब, 31 मार्च को बजरंग घाट, 07 अप्रैल को शंकर घाट, 14 अप्रैल को देवी तालाब, 22 अप्रैल को जय हिंद टाकीज मैदान परिसर कुआॅं, 02 मई को कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर कुआॅं, 12 मई को एमएलबी स्कूल परिसर कुआॅं, 26 मई को गंगा घाट, 01 जून को धोबी घाट, 15 जून को आमाघाट में जल संरक्षण के लिए साफ-सफाई का कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही 30 जून को इस अभियान के समापन अवसर पर फिल्टर प्लांट की सफाई का कार्य किया जाएगा।

**खबर संक्षेप**



## टीम इखलास सिवनी ने जरूरतमंदों के बीच बांटी 120 से अधिक ईद किट

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** टीम इखलास सिवनी द्वारा ज़िलई जमीयत अहलेहदीस सिवनी (म.प्र.) की सरपरस्ती में ईद के पावन अवसर पर गरीब, यतीम, मिस्कीन, बेवा और जरूरतमंद परिवारों के बीच 120 से अधिक "ईद किट" वितरित किए गए। यह सेवा कार्य समाज के सहयोग और लोगों के डोनेशन से संभव हो सका। वितरित की गई ईद किट में सेवई, काजू, बादाम, किशमिश, चिरौं, दूध और चिकन जैसी आवश्यक सामग्री शामिल रही, जिससे लाभार्थी परिवार अच्छे से ईद मना सकें। संस्था के सदस्यों ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंदों को ईद की खुशियों में शामिल करना और उनके चेहरों पर मुस्कान लाना है। उन्होंने कुरान की आयत का हवाला देते हुए कहा कि इंसान को अल्लाह की इबादत के साथ-साथ माता-पिता, रिश्तेदारों, यतीमों, गरीबों और पड़ोसियों के साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए। इस नेक पहल से समाज में भाईचारा, हमदर्दी और सहयोग की भावना को बढ़ावा मिला है। स्थानीय लोगों ने भी टीम इखलास के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायक बताया।

## एक दिवसीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण किया गया आयोजित

**हरिभूमि न्यूज लखनादौन।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद (योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, मध्यप्रदेश शासन) के निर्देशन में नवांकुर योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत गणेशगंज, विकासखण्ड लखनादौन में प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत "प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियान" के तहत समिति के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। प्रशिक्षण उपरांत प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर नवांकुर संस्था/देवऋषि नारद प्रचार-प्रसार समिति, लखनादौन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बताया गया कि प्रस्फुटन समितियों का उद्देश्य समाज कल्याण एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में जनभागीदारी को बढ़ावा देना है। प्रशिक्षण के माध्यम से समिति सदस्यों को उनकी भूमिका, जिम्मेदारियों एवं सामाजिक कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन के बारे में ब्लाक समन्यवयक रीता वर्मा श्रीवास्तव जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए समाजहित के कार्यों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया गया। इस आयोजन में विकासखण्ड समन्वयक, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, लखनादौन की विशेष उपस्थिति रही।

# जिले में राजश्री गुटखा की कालाबाजारी: कमी का बहाना, ऊंचे दामों पर बिक्री

**मुख्यालयः जिले में इन दिनों राजश्री गुटखा की कालाबाजारी का मामला तेजी से चर्चा में है। बाजार में कृत्रिम कमी का माहौल बनाकर दुकानदार ग्राहकों से मनमाने दाम वसूल रहे हैं, जिससे आम उपभोक्ता परेशान हैं।**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिवनी।

जानकारी के अनुसार, गोदामों में पर्याप्त स्टॉक होने के बावजूद बाजार में गुटखा की कमी बताई जा रही है। पहले 40 रुपये में मिलने वाला पैकेट अब 320 रुपये तक बेचा जा रहा है, वहीं थोक में भी कीमतें 360 से 380 रुपये तक पहुंच गई हैं।

### ग्राहकों की जेब पर सीधा असर

गुटखा और पान मसाला उपयोग करने वाले लोगों को मजबूरी में अधिक कीमत चुकानी पड़ रही है। कई दुकानदार 50 रुपये की पुड़िया को भी ऊंचे दामों में बेच रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं में नाराजगी है।



### रोजाना लाखों का अनुमानित मुनाफा

सूत्रों के मुताबिक, जिले में रोजाना करोड़ों रुपये के गुटखा कारोबार में कृत्रिम कमी दिखाकर लाखों रुपये का अतिरिक्त मुनाफा कमाया जा रहा है।

### थोक और फुटकर व्यापारियों की मिलीभगत

मामले में थोक और फुटकर व्यापारियों की मिलीभगत की आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि बड़े व्यापारी ऊंचे दामों पर माल देकर छोटे दुकानदारों के जरिए ग्राहकों तक महंगा सामान पहुंचा रहे हैं।

### प्रशासनिक नियंत्रण पर उठे सवाल

इस पूरे मामले में प्रशासन की निगरानी और कार्रवाई पर भी सवाल उठ रहे हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि यदि समय रहते जांच कर कार्रवाई नहीं की गई, तो कालाबाजारी और बढ़ सकती है।

## पारंपरिक झंडा मेले के दौरान युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिवनी।

जिले के कुरई थाना क्षेत्र अंतर्गत चौकी बादलपार के ग्राम पंचायत बुड्ढी में आयोजित पारंपरिक झंडा मेले के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें एक नवयुवक की जान चली गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव में वर्षों से चली आ रही परंपरा के तहत झंडा मेले का आयोजन किया जा रहा था। इसी दौरान गांव निवासी संतलाल परते (लगभग 28 वर्ष), पिता शगुन परते, झंडे की लकड़ी पर पुताई करने के लिए ऊपर चढ़ा हुआ था। बताया जा रहा है कि अचानक झंडा कमजोर होकर टूट गया, जिससे वह नीचे गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों द्वारा तत्काल घायल युवक को सिवनी स्थित नि बिसेन अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई है। जिस आयोजन में खुशियां मनाई जा रही थीं, वह पलभर में मातम में बदल गया। ग्रामीणों में गहरा दुख और संवेदनाएं व्यक्त की जा रही हैं। वहीं, बादलपार चौकी के प्रधान आरक्षक राजकुमार सिरसाम ने बताया कि घटना की प्रत्यक्ष सूचना चौकी में नहीं आई है, लेकिन जानकारी मिली है कि युवक ऊंचाई से गिरा था। उन्होंने कहा कि विस्तृत जानकारी जिला अस्पताल चौकी से प्राप्त की जा रही है।

## जिला स्तर पर आयोजित हुआ ओलंपियाड सम्मान समारोह




हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिवनी।

सत्र 2025-26 ओलंपियाड अंतर्गत जिला स्तारीय ओलंपियाड प्रतियोगिता में विषयवार चयनित कक्षा 2 से 8 के (प्रथम स्थोन प्राप्तत) 32 प्रतिभागियों के लिए जिला स्तडर पर सम्मानि समारोह दिनांक 18 मार्च 2026 को प्रातः 11 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया गया। कलेक्ट्र के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी महोदय जिपं के मार्गदर्शन में ओलंपियाड सम्मा्न समारोह में प्रत्येमक विषय एवं कक्षा में जिले की ओर से प्रथम स्था न प्राप्त करने वाले 32 प्रतिभागी बच्चे, उनके अभिभावक तथा मार्गदर्शक शिक्षको की सहभागिता रही । कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी के द्वारा बच्चों से संवाद किया गया। बच्चोंथ ने संवाद के दौरान अपने लक्ष्यों को साझा किया। कलेक्टिर महोदय ने उदबोधन के दौरान बच्चों को अपना लक्ष्यर निर्धारित कर अनुशासित रहते हुये सतत प्रयास किये जाने हेतु तथा शिक्षक एवं अभिभावकों को बच्चोंच के सपने पूरे करने में यथा संभव मदद करने हेतु प्रेरित किया।

प्रत्येक बच्चें को उपहार स्वचरूप ट्रेकशूट, कैप, बैग, पानी बॉटल, टिफिन, ज्यामिट्री बाक्सब, प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति-पत्र दिया गया। उपहार एवं प्रशस्ति-पत्र पाकर सभी बच्चें प्रफुल्लित हुये। मार्गदर्शी शिक्षकों को प्रशस्ति-पत्र के माध्याम से सम्मागनित किया गया। समस्त् प्रतिभागी छात्र, अभिभावक, मार्गदर्शी शिक्षकों को जिला शिक्षा केन्द्रध सिवनी में भोजन कराया गया । उल्लेखनीय है कि दिनांक 22 एवं 23 मार्च 2026 को ग्वाशलियर में आयोजित राज्यस्तरीय अंग्रे ओलंपियाड कार्यक्रम में जिले से चयनित 04 बच्चों की सहभागिता रहेगी। ग्वा्लियर में आयोजित राज्यि स्तनरीय अंग्रे ओलंपियाड कार्यक्रम में सहभागिता हेतु 04 प्रतिभागी बच्चे , 04 अभिभावक, 04 मार्गदर्शी शिक्षक एवं एपीसी आकदमिक श्री सी के बिसेन सहित 13 सदस्यींय दल 21 मार्च को प्रातः 06 बजे ट्रेव्हीलर वाहन से ग्वा्लिर के लिए प्रस्थाशन करेंगे।

## स्व. अभय निगम की कर्मस्थली पर सैमरॉक जैक एंड जिल स्कूल में बच्चों को दी भावभीनी विदाई






हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिवनी।

स्वर्गीय अभय निगम की कर्मस्थली पर संचालित सैमरॉक जैक एंड ज़िल स्कूल में विद्यार्थियों के लिए भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्कूल परिसर भावनाओं से भर उठा, जहां शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर यादगार पल साझा किए।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं स्व. अभय निगम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर माहौल को भावुक और उत्साहपूर्ण बना दिया। विदाई ले रहे विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यालय और शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

**स्कूल संचालिका श्रीमती शेफाली निगम का उद्बोधन**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल संचालिका श्रीमती शेफाली निगम ने कहा कि "विद्यालय केवल शिक्षा देने का स्थान नहीं, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण की आधारशिला है। यहां से विदा हो रहे सभी विद्यार्थी अपने जीवन में अनुशासन, मेहनत और संस्कारों को साथ लेकर आगे बढ़ें। यही स्व. अभय निगम जी के सपनों का सच्चा सम्मान होगा। उन्होंने आगे कहा कि विद्यार्थियों को हमेशा अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहना चाहिए और जीवन में आने वाली चुनौतियों का साहसपूर्वक सामना करना चाहिए। विद्यालय परिवार को अपने विद्यार्थियों पर गर्व है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। इस दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## कलेक्टर ने सिविल अस्पताल बरघाट का औचक निरीक्षण किया



हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिवनी।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने सिविल अस्पताल बरघाट का औचक निरीक्षण कर अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी व्यवस्था, मरीजों की संख्या, दवाइयों की उपलब्धता के साथ ही अस्पताल में दी जा रही अन्य स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती पटले ने वार्ड एवं अन्य स्थानों का निरीक्षण किया तथा साफ-सफाई की व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य अमले को निर्देशित किया कि मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराया जाए तथा आवश्यक दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

कलेक्टर ने अस्पताल में भर्ती एवं उपचाररत मरीजों से चर्चा कर उन्हें मिल रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान एसडीएम श्री संदीप श्रीवास्तव सहित संबंधित अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग का अमला उपस्थित रहा।

## मध्य भारत परिदृश्य में बेहतर वन्यव प्रबंधन हेतु अध्ययन भ्रमण, ज्ञान साझाकरण एवं समन्वय कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिवनी।

पेंच टाइगर रिज़र्व, सिवनी में दिनांक 16–17 मार्च 2026 को नागपुर वन मंडल, महाराष्ट्र के अधिकारियों एवं फील्ड स्टाफ के लिए दो दिवसीय स्टडी टूर-कम-एक्सपोज़र विज़िट एवं रेस्क्यू कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मध्य भारत के परिदृश्य में वन्यव संरक्षण के लिए विभिन्न प्रबंधन अनुभवों का आदान-प्रदान करना तथा विभागीय समन्वय को सुदृढ़ करना था। नागपुर वन मंडल से आए प्रतिनिधिमंडल, जिसका नेतृत्व डॉ. विनिता व्यास, भा.व.से., उप वन संरक्षक (टेरिटोरियल), नागपुर द्वारा किया गया, ने कार्यक्रम में भाग लिया। श्री यश काले IFS प्रोबेशनर एवं प्रभारी SDO (महाराष्ट्र)एवं श्रीमती गुरलीन कौर IFS प्रोबेशनर (मध्य प्रदेश) कॉर्डिनेटर रहे । इस दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वन्यव प्रबंधन, रेस्क्यू ऑपरेशन, आवास (हैबिटेट) विकास तथा सामुदायिक सहभागिता से संबंधित तकनीकी सत्रों एवं फील्ड गतिविधियों के माध्यम से जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला के दौरान रेंज ऑफ़िसर खवासा सुमित रेगे संपूर्ण ने कार्यक्रम का प्रबंधन किया । पेंच टाइगर रिज़र्व के अधिकारियों द्वारा विभिन्न विषयों पर प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनमें वन्यव रेस्क्यू एवं पशु चिकित्सा सहायता प्रणाली, आवास एवं वन्यव प्रबंधन, पेंच टाइगर रिज़र्व में नवाचार आधारित प्रबंधन पद्धतियाँ तथा मानव-वन्यव संघर्ष प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल थे।




प्रतिभागियों को क्षेत्रीय भ्रमण के माध्यम से सामुदायिक सहभागिता, मानव-वन्यव संघर्ष शमन, रेस्क्यू उपकरणों के उपयोग तथा बोमा, घासभूमि और नेचर ट्रेल जैसे प्रबंधन स्थलों का प्रत्यक्ष अवलोकन भी कराया गया। इन फील्ड सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को पेंच टाइगर रिज़र्व में अपनाई जा रही संरक्षण एवं प्रबंधन पद्धतियों की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त हुई।

पेंच टाइगर रिज़र्व के फील्ड डायरेक्टर देवप्रसाद एवं उप संचालक पुनीत गोयल द्वारा प्रतिभागियों को मार्गदर्शन एवं वाइल्डलाइफ मैनेजमेंट बेस्ट प्रैक्टिस साझा की गई तथा मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र वन विभागों के बीच सहयोग एवं समन्वय के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

## विधायक दिनेश राय मुनमुन विशाल कोयापुनेम कार्यक्रम मे हुए सम्मिलित

### 5 लाख के अतिरिक्त कक्ष निर्माण की दी स्वीकृति

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** बुधवार को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने आयोजित विशाल कोयापुनेम कार्यक्रम मे सम्मिलित हो पुण्यलाभ अर्जित किया। आज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मिर्चीटोला (पाथरफोडी) के खेरमाई मंदिर प्रांगण मे अखिल भारतीय गोंडवाना गोंडमहासभा द्वारा आयोजित सात दिवसीय गोंडी गाथा धर्म संस्कृति संगीतमय विशाल कोयापुनेम कार्यक्रम मे भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन सम्मिलित हुए। जहां पर सामाजिक बंधुओं ने तिलक लगाकर अभिनंदन किया।

वहीं विधायक श्री राय ने व्यासपीठ पर विराजमान पुनेमाचार्य तिरु. सीताराम वरकड़े गांगीवाडा का शाल, श्रीफल भेंटकर सम्मान किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि हमारी संस्कृति और धार्मिक परंपराएं ही समाज की नींव है गोंडी गाथा हमें अपनी जड़ों से जोड़ते है। इसके साथ ही जनहित को देखते हुए 05 लाख रुपए की लागत से अतिरिक्त कक्ष निर्माण की स्वीकृति प्रदान किया। और समाज को हरसंभव सहयोग की बात कही।

इस अवसर पर सर्वश्री राम चंद्रवंशी अध्यक्ष भाजपा मंडल करकोटी, श्याम मिलन पांडे , बसंत कटरे , सुरेश परते , हेमंत कटरे , चेतन नरेती , नीरसिंह कटरे , जेडी देशमुख , हिम्मत सिंह परते , रामसिंह गुंजाम , वीरसिंह परते , लक्ष्मण सिंह परते , रमेश उइके , पित्ते सिंह उइके , ध्यान सिंह परते , दिनेश गज्जाम , राजकुमार, संजू परते , सुकलाल परते , बलराम नरेती , सीएल बट्टी सहित बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओं की गरिमामय उपस्थिति रही। इसके अलावा विधायक दिनेश राय मुनमुन ने भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व निर्देशानुसार पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत लखनवाड़ा मंडल मे आयोजित कार्यशाला मे सहभागिता कर मंडल पदाधिकारियों एवं देवतुल्य ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं को मार्ग दर्शन दिया।

### राजस्व बकाया की वसूली के लिये जिले में चलाया जा रहा विशेष अभियान

## राइस मिल संचालक से 51 हजार 212 रुपये की वसूली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिवनी।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशानुसार जिले में राजस्व बकाया की वसूली हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में तहसील सिवनी (भाग-1) अंतर्गत ग्राम पीपरडाही स्थित श्री राम राइस मिल पर राजस्व विभाग का दल राजस्व न्यायालय के आदेश के पालन में सीलिंग कार्यवाही के लिए पहुंचा। कार्यवाही के दौरान संबंधित संचालक को भूराजस्व बकाया के संबंध में अवगत कराया गया, जिस पर उन्होंने विगत वर्षों सहित चालू वर्ष का समस्त बकाया ऑनलाइन चालान के माध्यम से तत्काल जमा कर दिया। इस दौरान कुल 51 हजार 212 रुपये की वसूली की गई। कलेक्टर श्रीमती पटले ने निर्देश दिए हैं कि जिले में बकाया राजस्व की वसूली के लिए इसी प्रकार सख्त एवं प्रभावी कार्यवाही निरंतर जारी रखी जाए, जिससे शासकीय राजस्व में वृद्धि सुनिश्चित हो सके। राजस्व विभाग का दल इस अभियान के तहत विभिन्न बकायादारों के विरुद्ध कार्यवाही कर रहा है।

### युवा संगम के तहत जिला स्तरीय रोजगार मेला आयोजित, 88 आवेदकों का हुआ प्रारंभिक चयन

हरिभूमि सिवनी,कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में जिला प्रशासन, जिला रोजगार कार्यालय सिवनी, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र तथा शासकीय आईटीआई सिवनी के संयुक्त तत्वावधान में 18 मार्च 2026 को शासकीय आईटीआई परिसर में "युवा संगम" कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया। मेले में निजी क्षेत्र की 7 प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया, जिसमें कुल 203 आवेदकों ने पंजीयन कर रोजगार के अवसर प्राप्त करने हेतु सहभागिता की। विभिन्न कंपनियों द्वारा 88 आवेदकों का प्रारंभिक रूप से चयन किया गया।

# लखनादौन में 'संवैधानिक डकैती' का महा-खुलासा; आदिवासियों के हक पर 'हैप्पी सिंडिकेट' का कब्जा और सफेदपोशों का पाखंड

**हरिभूमि न्यूज छब्बी लाल कमलेशिया लखनादौन/सिवनी।** लोकतंत्र की सबसे वीभत्स तस्वीर तब देखने को मिलती है जब रक्षक ही भक्षक की भूमिका में उतर आए। लखनादौन की पावन धरा, जो आदिवासी अस्मिता और संवैधानिक संरक्षण का प्रतीक मानी जाती है, आज 'सफेदपोश शिकारियों' की चरागाह बन चुकी है। कथित सूत्रों के अनुसार, यहाँ सत्ता और रसूख की आड़ में एक ऐसा 'हैप्पी सिंडिकेट' सक्रिय है, जिसने न केवल आदिवासियों के अधिकारों को निगला है, बल्कि सरकारी जमीनों को भी अपनी जागीर बना लिया है। नगर परिषद उपाध्यक्ष श्रीमती विजुशा राजपूत के पति प्रदीप राजपूत 'पिंटी' (अधिवक्ता) द्वारा हाल ही में कांग्रेस के झंडे तले किया गया आंदोलन, सूत्रों के दावे के अनुसार, जनहित का संघर्ष नहीं बल्कि अपने काले कारनामों पर 'राजनीतिक पर्दा' डालने का एक सुनियोजित स्वांग है।

आदिवासी अधिकारों का चीरहरणः 'सतीश उईके' मात्र एक डमी?

लखनादौन की जनता और प्रबुद्ध वर्ग आज व्यवस्था से एक ही सवाल पूछ रहा है—क्या आदिवासियों के लिए आरक्षित संसाधनों का लाभ वास्तव में उस समाज को मिल रहा है? नगर परिषद शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की दुकान क्रमांक सी-03, जो संवैधानिक रूप से अनुसूचित जनजाति (**ST**) वर्ग के लिए आरक्षित थी, आज भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा चेंबर बन चुकी है।

**कथित आरोप और सूत्रों के दावेः**

मुखौटा राजनीतिः विश्वस्त सूत्रों का दावा है कि सतीश उईके का नाम केवल प्रशासन की आँखों में धूल झोंकने के लिए 'डमी' के तौर पर इस्तेमाल किया गया। हकीकत में इस दुकान का आर्थिक लाभ और संचालन 'हैप्पी स्पोर्ट्स' के बैनर तले सिंडिकेट से जुड़े प्रभावशाली लोग कर रहे हैं।

**PESA** कानून की हत्याः यह कृत्य न केवल अनैतिक है, बल्कि अनुच्छेद 244 और पेसा (**PESA**) कानून की मूल भावना की सरेआम हत्या है। सूत्रों के अनुसार, एक आदिवासी के हक को छीनकर अपना 'व्यावसायिक साम्राज्य' खड़ा करना 'नैतिक दिवालियापन' की पराकाष्ठा है।

**NHAI की बेशकीमती भूमि पर 'भू-माफिया' वाला अंदाज**

भ्रष्टाचार की यह गाथा नगर परिषद की फाइलों से निकलकर नेशनल हाईवे तक जा पहुँची है। कथित सूत्रों के अनुसार, लखनादौन क्षेत्र में **NHAI** (भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) की अधिग्रहित और संरक्षित भूमि पर भी इन 'प्रभावशाली चेहरों' ने अपने रसूख के बल पर अवैध कब्जे जमा रखे हैं।

विश्वस्त सूत्रों की रिपोर्टः'हैप्पी सिंडिकेट' ने राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे की जमीनों पर न केवल अतिक्रमण किया है, बल्कि वहां व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ाकर सरकारी तंत्र को खुली चुनौती दी है। सवाल यह है कि **NHAI** और स्थानीय राजस्व प्रशासन ने आज तक इस अतिक्रमण पर अपनी आँखें क्यों मूंदे रखी हैं? क्या उपाध्यक्ष पति का 'अधिवक्ता' वाला दबदबा कानून के हाथ बांधने के लिए पर्याप्त है? जब जनप्रतिनिधि ही 'भू-माफिया' की तर्ज पर काम करने लगें, तो लखनादौन का विकास केवल एक कागजी पुलिंदा बनकर रह जाता है।

**मौन निकाह' से 'विदाई' तकः भ्रष्टाचार का राजनीतिक पाखंड**

9 मार्च 2026 को एसडीएम कार्यालय के सामने हुआ प्रदर्शन 'राजनीतिक दोगलेपन' का उत्कृष्ट उदाहरण था। दिनेश ठाकुर (अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी) के नेतृत्व में हुए इस आंदोलन में प्रदीप राजपूत की मौजूदगी ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

**सिंडिकेट की 'डाइवर्जन टैक्टिक' (ध्यान भटकाने की रणनीति)ः**

कथित सूत्रों का कहना है कि जब नगर परिषद में 2.41 करोड़ का महा-घोटाला हुआ, तब सत्ता और विपक्ष के बीच जो ₹मौन समझौता₹ हुआ था, आज उसी की 'विदाई' का समय आ गया है। ईओडब्ल्यू (**EOW**) की जांच से बचने के लिए अब ₹प्रशासन होश में आओ₹ के नारे लगाना एक 'क्लासिक डाइवर्जन टैक्टिक' है। सूत्रों के अनुसार, यह आंदोलन केवल जांच की दिशा को उन 6 प्रभावशाली सूत्रधारों से भटकाने का एक 'प्रायोजित स्टंट' है, जो इस पूरे खेल के असली खिलाड़ी हैं।

**विधिक पाखंडः शक्ति की आड़ में संवैधानिक डकैती**

एक अधिवक्ता द्वारा कानून की आड़ में कानून की धज्जियाँ उड़ाना लखनादौन के लोकतांत्रिक ढांचे पर करारा प्रहार है। सूत्रों के अनुसार, नगर परिषद के खजाने में फूटी कौड़ी जमा किए बिना और कलेक्टर की अनुमति के बगैर दुकान सी-03 का कब्जा लेना म.प्र. भू-राजस्व संहिता और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत गंभीर अपराध है।

लोक सेवक का दुरुपयोगः पत्नी (उपाध्यक्ष) के पद की धौंस दिखाकर बिना रसीद और बिना **NOC** के कब्जा लेना 'ऑफिस का दुरुपयोग' है।

**EOW** की संदिग्ध चुप्पीः सूत्रों का दावा है कि 'हैप्पी स्पोर्ट्स' और दुकान सी-03 के बकाया 12.10 लाख की फाइलों को प्रशासनिक स्तर पर 'मैनेज' किया गया है। आखिर क्या कारण है कि ईओडब्ल्यू की रडार से यह सिंडिकेट अब तक बाहर है?

**EOW का 'सुस्त' शिकंजा और सरकार की नियत पर सवाल**

लखनादौन की गलियों में यह सवाल गूँज रहा है कि आखिर **EOW** (आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ) का शिकंजा इन सफेदपोशों पर कब कसा जाएगा? जब घोटाले की कड़ियां साफ तौर पर उपाध्यक्ष निवास और उनसे जुड़े व्यापारिक प्रतिष्ठानों से जुड़ रही हैं, तो जांच की सुई वहां पहुँचते ही क्यों ठिठक जाती है?

ईओडब्ल्यू की यह 'चुनिंदा सक्रियता' जनता के मन में संदेह पैदा कर रही है। क्या जांच एजेंसी उन 'अदृश्य हाथों' के दबाव में है जो भोपाल से लेकर सिवनी तक इस सिंडिकेट को संरक्षण दे रहे हैं? यदि समय रहते मुख्य लाभार्थियों को जांच के घेरे में नहीं लिया गया, तो सरकार का 'जीरो टॉलरेंस' का नारा केवल एक चुनावी जुमला ही माना जाएगा।

**सामाजिक पृष्ठभूमि और सरकार की 'नियत' का लिटमस टेस्ट**

लखनादौन एक आदिवासी बहुल क्षेत्र है। यहाँ की राजनीति आदिवासियों के नाम पर शुरू होती है, लेकिन संसाधनों का बंदरबांट 'सफेदपोश शिकारियों' के बीच होता है। प्रशासनिक लकवाः स्थानीय राजस्व अमला और नगर परिषद के अधिकारी इस अवैध कब्जे को देखकर भी 'धृतराष्ट्र' बने हुए हैं।

नियत का सवालः सरकार को यह स्पष्ट करना होगा कि वह आदिवासियों के हितों की रक्षक है या इन सिंडिकेट्स की ढाल?

**नारों की गूँज में छिपता 'अपराध'**

लखनादौन की जनता अब नारों के झांसे में आने वाली नहीं है। प्रदीप राजपूत का आंदोलन भ्रष्टाचार के खिलाफ नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार के 'सिंडिकेट' को बचाने का एक अंतिम और हताश प्रयास है।

### हमारी स्पष्ट और कठोर मांगें:

बुलडोजर कार्रवाईः **NHAI** तत्काल अपनी भूमि का सीमांकन कर 'हैप्पी सिंडिकेट' के अवैध कब्जों को जमींदोज करे।

आरक्षित दुकान की बहालीः दुकान क्रमांक सी-03 का आवंटन तत्काल रद्द कर उसे वास्तविक पात्र आदिवासी हितग्राही को सौंपा जाए।

उच्च स्तरीय जांचः ईओडब्ल्यू प्रदीप राजपूत और उनके सहयोगियों के 'अघोषित आय के स्रोतों' और दागी ठेकेदारों (सतकीरत हाईवे) के साथ उनके वित्तीय लेनदेन की न्यायिक जांच करे।

आदिवासियों के हक पर डाका डालने वाले और **NHAI** की जमीन निगलने वाले जब 'भ्रष्टाचार' पर भाषण देते हैं, तो वह 'लोकतंत्र का चीरहरण' कहलाता है। लखनादौन को अब नारों की नहीं, इन 'सफेदपोश लुटेरों' से मुक्ति की आवश्यकता है।

### सरकारी खजाना भरने, प्रशासन हुआ सख्त

# व्यापारियों की दुकानों में लग रहें हैं ताले!

**नोटिस के बाद भी भुगतान न करने पर की जा रही हैं कार्यवाही, प्रशासन को 20 लाख रुपए से अधिक की राजस्व वसूली करनी है**

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट शहर में राजस्व बकायादारों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। तहसीलदार सुनील वर्मा और राजस्व टीम ने लाखों रुपए का बकाया न चुकाने पर दो व्यापारियों, मणि जैन और राकेश गुप्ता की दुकानों को सील कर दिया है।

तहसीलदार सुनील वर्मा ने बताया कि राजस्व वसूली के लिए संपत्ति कुर्की की कार्रवाई की जा रही है। यह कार्रवाई डायवर्सन और नजूल भूमि की बकाया राशि की वसूली के लिए जारी नोटिस के बाद भी भुगतान न करने पर की गई।

राकेश गुप्ता पर 1,20,632 रुपए का बकाया था, जिसके चलते उनके मद्रास कैफे रेस्टोरेंट और कपड़े की दुकान को सील किया गया। वहीं, मणि पिता राकेश जैन पर 1,20,500 रुपए की डायवर्सन राशि बकाया थी। भुगतान न करने पर उनके घर से संचालित दुकान को भी प्रशासन ने सील कर दिया।



तहसीलदार वर्मा ने यह भी बताया कि अन्य बकायादारों के यहां कुर्की की कार्रवाई के लिए पहुंची टीम को देखकर तीन बकायादारों ने मौके पर ही 2.41 लाख रुपए की राशि जमा कर दी। यह कार्रवाई कलेक्टर मृणाल मीणा के निर्देश पर की जा रही है।

मणि जैन की दुकान पर कार्रवाई के दौरान विवाद की स्थिति पैदा हुई थी। तहसीलदार सुनील वर्मा ने बताया कि विवाद करने वाले धीरज सुराना पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासन को अभी भी 20 लाख रुपए से अधिक की राजस्व वसूली करनी है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बकाया राशि जमा न करने वाले अन्य लोगों के खिलाफ भी इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# कुम्हारी पट मैदान में अवैध रेत भंडारण पर कार्रवाई, 400 ट्रॉली रेत जब्त



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिले में अवैध खनन एवं रेत के अवैध भंडारण के खिलाफ प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में 18 मार्च 2026 को तहसील बालाघाट अंतर्गत ग्राम कुम्हारी पट मैदान में अवैध रूप से भंडारित खनिज रेत पर संयुक्त कार्रवाई की गई।

उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने जानकारी देते हुए बताया कि खनिज विभाग, राजस्व विभाग एवं थाना कोतवाली पुलिस बल की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर लगभग 400 ट्रॉली रेत को विधिवत जब्त किया। जब्त की गई रेत को धा पे वा ड़ा स्थित एएनवी कंपनी को देखरेख एवं निगरानी के लिए सुपुर्द किया गया है। प्रकरण में मध्य प्रदेश (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन एवं भंडारण के खिलाफ इस प्रकार की सख्त कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

# कोयलिखापा में क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड बैहर के सेक्टर-5 कोयलिखापा स्थित ग्राम पंचायत भवन में क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारियों के लिए विशेष रूप से आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर स्वैच्छिक भागीदारी, स्वावलंबन और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना और माल्यार्पण के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी श्री शिवनाथ यादव विकासखंड समन्वयक महेश पटले नवांकुर संस्था प्रगति ग्राम जन विकड समिति के अध्यक्ष श्री अमित पाटिल नवांकुर संस्था युग शक्ति महिला मंडल की अध्यक्ष श्री मति मंजुलता चौधरी व परामर्शदाता भंवर सिंह मेरावी सहित प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारी, सदस्य और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

प्रस्फुटन समितियों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए विकासखंड समन्वयक श्री महेश पटले ने कहा कि ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां शासन और जनता के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य कर रही हैं। इन समितियों का मुख्य उद्देश्य सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने समितियों की कार्यप्रणाली, अवधारणा और उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए नशा मुक्त गांव का निर्माण, शिक्षा एवं संस्कार का प्रसार, स्वदेशी को बढ़ावा, पर्यावरण संरक्षण, जैविक खेती का प्रचार, स्वैच्छिकता, स्वावलंबन तथा जनभागीदारी से विकास कार्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी।

मुख्य प्रशिक्षक श्री शिवनाथ यादव ने मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की समग्र अवधारणा तथा प्रशिक्षण के उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने गांवों में स्वरोजगार, लघु एवं कुटीर उद्योग तथा कला-कौशल विकास को बढ़ावा देने पर अपने विचार व्यक्त किए। नवांकुर संस्था के अध्यक्ष श्री अमित पाटिल ने स्वैच्छिक संस्थाओं के गठन एवं उनके प्रभावी प्रबंधन के संबंध में प्रशिक्षण दिया। परामर्शदाता श्री भंवरसिंह मेरावी ने परिषद की परिकल्पना, स्वैच्छिकता, सामूहिकता एवं स्वावलंबन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समग्र ग्राम विकास की अवधारणा एवं उसके विभिन्न चरणों की जानकारी दी। वहीं श्रीमती मंजुलता चौधरी ने प्रस्फुटन समितियों के दस्तावेजीकरण की प्रक्रिया से प्रतिभागियों को अवगत कराया। ग्राम के विकास के लिए नवांकुर एवं प्रस्फुटन समितियों का पूर्ण सहयोग लिया जाएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी के संयुक्त प्रयासों से ग्राम को आदर्श ग्राम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे। इस अवसर पर ग्राम की प्रस्फुटन से श्री मति सुदामा भासन्त इंदु धरवैया यमुना सोनवाने चतुर सिंह श्री मति चमेली आंधवाने सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

### तहसीलदार, नायब तहसीलदार और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी ने की कार्रवाई

# ढाबे से जब्त किए गए 2 घरेलू सिलेण्डर

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



बालाघाट कलेक्टर मृणाल मीणा के निर्देशन पर घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग पर रोक लगाने के लिए तहसीलदार, नायब तहसीलदार और खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में 18 मार्च 2026 को तिरोड़ी में तहसीलदार गीता राहंगडाले, नायब तहसीलदार और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी ने संयुक्त रूप से जायसवाल ढाबा एवं फैमिली रेस्टारेंट में छापामार कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान प्रतिष्ठान से 02 नग घरेलू गैस सिलेंडरों का अवैध रूप से व्यावसायिक उपयोग पाया गया। सिलेण्डरों को जब्त कर चिरायु गैस एंजेसी को सुपूर्द किया गया है। तहसीलदार ने जानकारी देते हुए शाम 04 बजे वरिष्ट अधिकारियों के निर्देशन पर तिरोड़ी और महकेपार के विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। तहसीलदार ने ढाबा संचालक को चेतावनी दी है कि घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग करना नियम विरुद्ध है और भविष्य में ऐसी अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। तहसीलदार ने साफ किया है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई होगी। गैस का गलत उपयोग किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। होटल संचालकों को नियमों का पालन करने की चेतावनी दी गई है। इस कार्रवाई से इलाके में प्रशासन की सख्ती का संदेश गया है और जो लोग गलत तरीके से घरेलू गैस सिलेण्डरों का व्यवसायिक उपयोग कर रहे है उनके डर का माहौल है।

गौरतलब हो कि पश्चिमी एशिया में जारी युद्ध का सीधा असर भारत की एलपीजी आपूर्ति पर पड़ा है। आयातित गैस का बड़ा हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से आता है, जो संघर्ष के कारण बाधित हो गया है। इसके चलते घरेलू रसोई, होटल-रेस्तरां और उद्योगों में एलपीजी की कमी और कीमतों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। देश के महानगरों से लेकर जिलों और तहसीलों में एलपीजी गैस के लिए लोगों को जद्दोजहद करनी पड़ रही है। गैस उपभोक्ताओं में इस बात को लेकर भी डर बना हुआ है कि अगर लंबे समय तक युद्ध जारी रहा तो फिर से चूल्हों पर भोजन पकाना पड़ेगा। जिसके लिए भी लोग अभी से लकड़ी का प्रबंध करते हुए नजर आ रहे है। कटंगी और तिरोड़ी तहसील की बात करें तो यहां केवल मुख्यालय में ही एलपीजी गैस सिलेण्डर की सप्लाई की जा रही है ग्रामीणों में घर पहुंच सेवा को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। गैस एंजेसी के गोदाम और कार्यालय पहुंच रहे है किंतु गैस सिलेण्डर नहीं मिलने पर निराश होकर वापस लौट रहे है। शहर के कई होटल, ढाबों ने चूल्हे पर चाय-नाश्ता और भोजन पकाना शुरू कर दिया है। वहीं घरों में इंडक्शन चूल्हा भी खरीद लिया है।

# हाथियों का आतंक, महाराष्ट्र के गढ़चिरोली से पहुंचे

### किरनापुर-लांजी क्षेत्र में दिखा मूवमेंट, वन विभाग ड्रोन से कर रहा हैं निगरानी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



महाराष्ट्र के गढ़चिरोली जिले के जंगलों से भटककर एक जंगली हाथी बालाघाट के किरनापुर वन परिक्षेत्र में दाखिल हो गया है। बाघ नदी पार कर आए इस हाथी की मौजूदगी पिछले तीन-चार दिनों से लांजी और किरनापुर क्षेत्र के जंगलों में बनी हुई है, जिससे सीमावर्ती गांवों में अलर्ट जारी किया गया है।

बुधवार को हाथी की सक्रियता किरनापुर परिक्षेत्र के सिरका और मंडवाझरी बीट में दर्ज की गई है। लांजी वन अनुविभाग के एसडीओ राकेश कुमार अडकने ने बताया कि सिरका के जंगलों में हाथी के पदचिह्न और 'लिद' मिलने से उसकी पुष्टि हुई है। माना जा रहा है कि क्षेत्र की हरियाली के कारण हाथी ने इसी इलाके में अपना डेरा जमा लिया है।

वन विभाग का अमला लगातार हाथी की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है। घने जंगलों में हाथी की सटीक स्थिति का पता लगाने के लिए आधुनिक ड्रोन कैमरों का उपयोग किया जा रहा है। वन्यप्राणी और ग्रामीणों की सुरक्षा के मद्देनजर वन विभाग ने प्रभावित क्षेत्रों में विशेष गश्त बढ़ा दी है।

विभाग के अनुसार अब तक हाथी द्वारा किसी भी प्रकार की जनहानि या फसलों के नुकसान की सूचना नहीं मिली है। सुरक्षा के लिहाज से वन विभाग ने ग्रामीणों से अकेले जंगल की ओर न जाने और हाथी को न छेड़ने की अपील की है। विभाग ने निर्देश दिए हैं कि हाथी दिखाई देने पर स्वयं कार्रवाई करने के बजाय तुरंत नजदीकी वन चौकी को सूचित करें।

## पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए पोर्टल चालू, 31 मार्च आवेदन की अंतिम तिथि

**बालाघाट।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग श्रीमती अंजना जैतवार ने बताया कि जिले की शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं में अध्ययनरत पिछड़ा वर्ग के नवीन विद्यार्थियों के लिए एमपीटॉस पोर्टल वर्तमान में संचालित है। छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। निर्धारित समय-सीमा के भीतर ही विद्यार्थियों को अपना आवेदन ऑनलाइन माध्यम से भरना अनिवार्य होगा। जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने यहां अध्ययनरत पात्र विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति आवेदन अंतिम तिथि से पहले अनिवार्य रूप से भरवाना सुनिश्चित करें, ताकि कोई भी पात्र छात्र योजना के लाभ से वंचित न रह जाए।

## 'येलो अलर्ट': अगले 2 दिनों में आंधी-तूफान के साथ हल्की बारिश की संभावना

**बालाघाट।** बालाघाट में मंगलवार देर रात हुई तेज बारिश से शहर के निचले इलाकों में जलभराव हो गया और बिजली आपूर्ति बाधित हुई। भू-अभिलेख विभाग के अनुसार, जिले में 24 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। इस बारिश से मार्च की गर्मी से लोगों को हल्की राहत मिली है।मंगलवार देर रात लगभग दो घंटे तक हुई मूसलाधार बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ। शहर अभियंता कार्यालय के अधिकारी मार्को ने बताया कि शहर के अलग-अलग स्थानों पर एलटी और डीओ फेस में समस्या के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हुई, जिस पर सुधार कार्य जारी है। बारिश के कारण नगर के वार्ड क्रमांक 10 जैसे निचले क्षेत्रों में पानी की उचित निकासी न होने से सड़कों पर जलभराव की स्थिति बन गई।मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, आगामी 21 मार्च तक जिले में मौसम में बदलाव की चेतावनी जारी की गई है, जिसमें आंधी-तूफान के साथ हल्की वर्षा की संभावना है। जिला कृषि मौसम इकाई, कृषि विज्ञान केंद्र, बड़गांव के वैज्ञानिक डॉ. धर्मेंद्र अगासे ने बताया कि इन दिनों अधिकतम तापमान 33 से 34 डिग्री और न्यूनतम तापमान 18 से 19 डिग्री के बीच रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने किसानों और आम नागरिकों को संभावित बदलाव को ध्यान में रखते हुए आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह दी है। इस बारिश से खेतों में लगी गेहूं और चने की फसल को फायदा हो रहा है, जबकि सब्जी वाली फसलों को नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

### जान्हवी ने किया परिवार और विद्यालय को गौरवान्वित

# विवेकानंद स्कूल सालेटेका से फिर हुआ नवोदय में चयन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



जिला मुख्यालय से 15 किमी दूर गोंदिया रोड पर स्थित ग्राम सालेटेका के स्वामी विवेकानंद इंग्लिश स्कूल में इस वर्ष भी नवोदय विद्यालय के लिए एक चयन हुआ । जान्हवी पिता जितेंद्र धार्मिक ग्राम हट्टा निवासी में 12 दिसंबर को आयोजित कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में 100 में से कुल 95 अंक प्राप्त की और जिले में 11वीं रैंक के साथ सिलेक्शन लेकर परिवार और विद्यालय को गौरवान्वित किया है। जहां जान्हवी के नवोदय में चयन होने से तरफ हर्ष का माहौल है, वहीं दूसरी तरफ बाकी बच्चों के लिए भी एक प्रेरणा बन गई है। जान्हवी ने अपनी इस सफलता के लिए अपने शिक्षकों और परिवार के उचित मार्गदर्शन तथा सहयोग के लिए उनका आभार जताया। जान्हवी ने बताया कि विवेकानंद विद्यालय में नवोदय विद्यालय और सैनिक स्कूल की विशेष रूप से तैयारी कराई जाती है ।विषयवार नियमित क्लासेस और अभ्यास कराए जाते हैं । प्रैक्टिस पेपर से उन्हें गाइडलाइन भी मिलता और आत्मविश्वास भी बढ़ता है।उल्लेखनीय हैं कि विवेकानंद स्कूल सालेटेका से साल दर साल नवोदय विद्यालय में सिलेक्शन होते रहते है। इससे पहले वर्ष 2024 में कृष्णा विकेश बावनकर का चयन हुआ था । वैसे ही 2022 में वंश पिता जितेंद्र धार्मिक, इशिका पिता मुकेश शेंडे, और युक्ति पिता विजय चौहान तीन बच्चों का चयन हुआ । और 2020 में अर्णव पिता शैलेश वैध ,2018 में प्रिन्स पिता छबिलाल पारधी ने भी सिलेक्शन लेकर संस्था को गौरवान्वित किया । और भी ऐसे सिलेक्शन की लंबी सूची है। विवेकानंद विद्यालय बच्चों को इन प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के माध्यम से उन्हें भविष्य के लिए तैयार कर रहा है । साथ ही साथ उनके बौद्धिक, शारीरिक, सांस्कृतिक, सामाजिक विकास सहित सर्वांगीण पर भी विशेष बल देता हैं विद्यालय संचालक प्रदीप मेश्राम ने जान्हवी और शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य पकी कामना की

# लांजी-बहेला में दो शव मिलने का मामला: पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज लांजी।

बहेला थाना अन्तर्गत ग्राम वारी में देवी मंदिर के पीछे मिले दो शव को लेकर अब पुलिस की सुई हत्या के प्रकरण के साथ आगे बढते हुई दिखाई दे रही है। बतादे कि विगत दिनों में माँ पांढरी पाट देवी मंदिर के पीछे जंगल में सर्वप्रथम चुरणगीर उर्फ बंशी गिरी जोगी का शव पुलिस ने बरामद किया इसके साथ दुसरे दिन महिला जमुना बाई यादव का शव पुलिस ने बरामद किया। बंशी गिरी के शव को लेकर तो आत्महत्या का कारण सामने आ रहा था लेकिन जब महिला जमुना बाई यादव का शव बरामद हुआ तो महिला के सर पर भारी चोट के निशान थे जिससे यह तो साफ था कि महिला किसी पत्थर या अन्य भारी वस्तु से चोट पंहुचाई गई है बहरहाल मौका स्थल पर एफएसएल टीम भी पंहुचकर आवश्यक साक्ष्य जुटाये गये है जो कि फोरेसिंक जांच के लिये भेजे गये है। दोनो ही शव का पोस्टमार्टम कर विश्रा प्रीजव किया गया है पीएम रिपोर्ट आने के पश्चात यह स्थिती स्पष्ट हो जायेगी की दोनो ही मृत्यू कैसे हुई है।

**शव का मिलना अनेको चर्चाओ का विषय:** क्षेत्र में वारी एक प्रसिद्ध पर्यटन एवं धार्मिक स्थल के रूप में जाना जाता है माँ पांढरी पाट माता के दर्शनो के लिये भी यहां हजारो श्रृद्धालुओं का आना जाना लगा रहता है ऐसे में देवी धाम के पीछे जंगल मे दो शव का मिलना और वह भी यह दोनो व्यक्ति मंदिर से ताल्लुक रखते थे लेकिन बीत एक वर्ष से दोनो ही ग्राम वारी स्थित मंदिर में कार्य छोडकर जा चुके थे। अब जब घटना घटित हुई तो बताया जा रहा है कि बीते कुछ दिन पूर्व ही बंशी और जमुना बाई वारी आये हुये थे कुछ लोगो ने इन्हे देखा भी है यह भी बताया जा रहा है। अब जब मंदिर के पीछे बंशी और जमुना बाई का शव बरामद किया गया है तो अनेको सवाल खड़े हो रहे है जिनमें प्रथम तो यह कि ये दोनो वारी वापस क्यों और कब आये थे। क्या बंशी ने ही जमुना बाई की हत्या कर स्वयं आत्महत्या कर ली यह भी चर्चा का विषय बना हुआ है। या और कोई कारण हो सकते है इनके शव मिलने के पीछे जो कि पूर्ण रूप से पुलिस जांच का विषय है। बहरहाल पुलिस के द्वारा कोटवार के कथन के आधार पर बहेला थाने में महिला के हत्या के संदेह में अपराध क्रमांक 9/26 धारा 103-1 बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया है वंही बशी गिरी के संबध में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।





उक्त संपूर्ण मामले को लेकर लांजी एसडीओपी ओमप्रकाश ने बताया कि थाना बहेला के ग्राम वारी में मंदिर के लगभग 100-200 मीटर पीछे 16 मार्च को मृतक बंशी का शव मिला था जो बेमेतरा छत्तीसगढ़ का निवासी है। प्रथम दृष्टया लगा की जहर खाकर मौत हुई होगी। जिसका पोस्टमार्टम करवा दिया है और रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। 16 मार्च को शव मिलने के बाद आस-पास खोजबीन की तो 17 मार्च को सुबह एक महिला का भी शव बरामद हुआ है जिसकी पहचान जमुना बाई यादव छत्तीसगढ़ के गंडई निवासी के रुप में हुई है। दोनों शव लगभग 200 मीटर की दुरी पर मिले हैं। मृतका के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं, और पास में पत्थर भी मिला है जिसमें खुन के निशान मिला है जिस संबध में जांच की जा रही है। जांच में पता चला है कि दोनों मृतक एक-दूसरे को जानते थें। कुछ समय तक संपर्क में थें और कुछ महीने पहसे ही गुजरात में साथ में काम कर रहे थें। दोनो ही शवों को बरामद कर पीएम करवाया जा चुका है साथ ही एफएसएल टीम के द्वारा भी फोरेसिंक जांच हेतु सैंपल एवं साक्ष्य इकठ्ठा किये गये है। अग्रिम साक्ष्य एवं तथ्यो के आधार पर कार्यवाही की जावेगी। वहीं मौका स्थल पर एक मोटर सायकल भी बरामद की गई है जिसमें महिला पुरूष की कुछ सामग्री प्राप्त हुई। सभी बिन्दुओं को जांच मे लिया जाकर कार्यवाही की जा रही है। जो भी साक्ष्य सामने आयेंगे उस आधार पर अग्रिम विवेचना की जावेगी।

## सांदीपनि विद्यालय मलाजखंण्ड में सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**बालाघाट।** सत्र 2026-27 के लिए सांदीपनि विद्यालय मलाजखंड में नवीन प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। यह प्रक्रिया कार्यालय आयुक्त, जनजातीय कार्य मध्यप्रदेश, भोपाल के पत्र क्रमांक/सांदीपनी/2026/I/8828 96/2026 दिनांक 13 मार्च 2026 के निर्देशों के तहत संचालित की जा रही है।

विद्यालय के प्राचार्य श्री गंगाप्रसाद कटरे ने बताया कि विद्यालय में के.जी.1, कक्षा 1, कक्षा 6 एवं कक्षा 9 में निर्धारित सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। के.जी.1 में 50 सीटों के लिए 31 जुलाई 2026 तक 4 वर्ष आयु पूर्ण होना अनिवार्य है। कक्षा 1 में हिन्दी माध्यम के 25 एवं अंग्रेजी माध्यम के 12 सीटों हेतु 30 सितंबर 2026 तक 6 वर्ष आयु पूर्ण होना आवश्यक है। कक्षा 6 में हिन्दी माध्यम की 3 एवं अंग्रेजी माध्यम की 32 सीटों पर प्रवेश के लिए अभ्यर्थी का 5वीं उत्तीर्ण होना जरूरी है। वहीं कक्षा 9 में हिन्दी माध्यम की 80 एवं अंग्रेजी माध्यम की 35 सीटों के लिए 8वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य रखा गया है।

प्रवेश फॉर्म 23 मार्च 2026 से 30 मार्च 2026 तक विद्यालयीन समय में प्राप्त एवं जमा किए जा सकेंगे। के.जी.1 एवं कक्षा 1 के लिए चयन प्रक्रिया लॉटरी प्रणाली के माध्यम से 31 मार्च 2026 को प्रातः 11 बजे से आयोजित की जाएगी, जबकि अंतिम चयन सूची उसी दिन शाम 5 बजे जारी की जाएगी। कक्षा 9 में पहले पोषक शालाओं के विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा, इसके बाद रिक्त सीटों पर अन्य विद्यालयों के छात्रों को अवसर मिलेगा। कक्षा 6 एवं 9 (अंग्रेजी माध्यम) में प्रवेश भाषा ज्ञान एवं समझ के आधार पर किया जाएगा। अंतिम रूप से चयनित विद्यार्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन 6 अप्रैल 2026 तक किया जाएगा।